कार्यालय अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण ,उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिपत्र संख्या–वा0क0अधि0 / दस–3(ग) / दस–4(घ) / पदोन्नति / 4055 / 24 दि0:नवम्बर, 19,2024

–:परिपत्र:–

समस्त सदस्य,
वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सादर अवगत कराना है कि वाणिज्य कर अधिकरण अधिष्ठान में चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति हेतु कुल 12 पद रिक्त हैं। निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कार्यालय लिपिक समूह–ग के निम्नतम श्रेणी के पद (कनिष्ठ सहायक) पदोन्नति द्वारा भर्ती नियमावली 2001 में दी गयी व्यवस्था के अंतर्गत उन कर्मियों की पदोन्नति पर विचार किया जाना प्रस्तावित है जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

अतः वाणिज्य कर अधिकरण में कार्यरत वे इच्छुक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से जो चयन वर्ष 2024–25 में चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में निकट भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, निम्नलिखित निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन संबंधित सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण कार्यालय के माध्यम से दिनांक 03.12.2024 तक मुख्यालय प्रेषित करें। संबंधित सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन पत्र के साथ संबंधित कर्मचारी की मूल सेवा पुस्तिका तथा उसमें चस्पा वार्षिक प्रविष्टियों की सत्यापित प्रतियां मुख्यालय अवश्य प्रेषित करें।

| क0 सं0 | कर्मचारी का नाम व पद नाम | पीठ कार्यालयों में तैनाती का विवरण | जन्म तिथि | कार्यभार ग्रहण की तिथि | शैक्षिक योग्यता एवं संबंधित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

(तरुण कुमार)
निबंधक, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रशासनिक अधिकारी, मुख्यालय को इस आशय से कि मुख्यालय पर कार्यरत् चतुर्थ श्रेणी कमचारियों को उक्त वस्तु स्थिति से अवगत करायें।
2. वरिष्ठ सहायक (स्थापना–1 / 2), मुख्यालय।

(तरुण कुमार)
निबंधक, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।